**भारत सरकार**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2859**
**दिनांक 12 दिसंबर, 2024**

**डीजल में इथेनॉल का मिश्रण**

**†2859. श्री टी.एम. सेल्वागणपति:**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार डीजल में 5% इथेनॉल मिश्रित करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या देश अगले दो वर्षों में पेट्रोल में 20% इथेनॉल मिश्रित करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के निकट है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या अब तक इथेनॉल-मिश्रित डीजल का परीक्षण बीएस-VI वाहनों पर किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या यह सच है कि डीजल में इथेनॉल मिश्रित करने कि प्रक्रिया प्रायोगिक चरण में थी और प्रारंभिक परीक्षणों में उससे ईंधन टैंकों में तलछट का जमाव और अन्य प्रभाव दिखाई दिए; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क): सरकार द्वारा डीजल में एथेनॉल मिश्रित करने के लिए कोई कार्यक्रम शुरू नहीं किया गया है।

(ख): सरकार द्वारा एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के तहत पेट्रोल में एथेनॉल के मिश्रण को बढ़ावा दिया जा रहा है। राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति-2018, जिसे वर्ष 2022 में संशोधित किया गया है, ने अन्य बातों के साथ-साथ, पेट्रोल में एथेनॉल के 20% मिश्रण के लक्ष्य को वर्ष 2030 से घटाकर एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2025-26 कर दिया है। सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज ने ईएसवाई 2021-2022 के दौरान जून, 2022 में अर्थात लक्ष्य अवधि से पांच माह पहले ही पेट्रोल में 10% एथेनॉल मिश्रण के लक्ष्य को हासिल कर लिया। ईएसवाई 2022-23 में एथेनॉल का मिश्रण और बढ़कर 12.06% और ईएसवाई 2023-24 के दौरान लगभग 14.6% बढ़ गया है।

(ग) से (ङ): डीजल/पेट्रोल के साथ जैव ईंधन को मिश्रित करने के लिए अनुसंधान और विकास प्रयास निरंतर चलने वाली गतिविधियाँ हैं। डीजल के साथ एथेनॉल के मिश्रण के संदर्भ में, वर्ष 2022-23 में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने डीजल में एथेनॉल के 5% मिश्रण के प्रदर्शन और उत्सर्जन का आकलन करने के लिए एक पायलट मूल्यांकन किया है। ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) ने केवल बीएस-IV इंजनों पर एथेनॉल मिश्रित डीजल का उपयोग करके कुछ छोटी अवधि के प्रयोग किए हैं। इन छोटी अवधि के परीक्षणों के दौरान, ईंधन टैंकों में तलछट का जमाव नहीं देखा गया है।

*******